# भुगतान न मिलने पर किसानों का चक्का जाम

**खास बातें**

- प्रशासन के आश्वासन पर समाप्त हुआ प्रदर्शन
- सहकारी बैंक में नकदी संकट से नाराज किसान सड़क पर उतरे, बाद में बनी सहमति





**नवभारत न्यूज**

**आनंदपुर 13 अप्रैल, जिला सहकारी मर्यादित बैंक में चेक भुगतान न मिलने से नाराज़ सैकड़ों किसानों ने सोमवार को लटेरी-आरोन रोड पर थाना के पास चक्का जाम कर धरना प्रदर्शन किया. किसानों ने बैंक प्रबंधन पर छोटे किसानों की अनदेखी और बड़े किसानों को प्राथमिकता देने के आरोप लगाए.**

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अनुज प्रताप सिंह दांगी मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन आक्रोशित किसानों ने प्रदर्शन जारी रखा. बाद में नायब तहसीलदार भास्कर रघुवंशी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पहले किसानों के लिए पानी की व्यवस्था करवाई, फिर उनकी समस्याएं सुनीं. नायब तहसीलदार ने बैंक मैनेजर हरगोविंद सिंह को मौके पर बुलाकर समाधान के निर्देश दिए. प्रशासन के आश्वासन के बाद किसानों ने चक्का जाम समाप्त कर दिया. धरने पर बैठे किसान रघुवीर सिंह ने बताया कि 9 अप्रैल 2026 को 50 हजार रुपये का चेक बैंक में जमा करने पर कर्मचारियों ने नकदी न होने का हवाला देकर लेने से मना कर दिया. उन्होंने आरोप लगाया कि कई दिनों से उन्हें टालमटोल किया जा रहा है.

### बैंक में कैश की कमी, प्रशासन के आश्वासन के बाद स्थिति हुई सामान्य

बैंक मैनेजर हरगोविंद सिंह ने बताया कि उपलब्ध लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की राशि किसानों को वितरित की जा चुकी है और वर्तमान में नकदी की कमी है. अतिरिक्त कैश मंगाया गया है और उपलब्ध होते ही भुगतान कर दिया जाएगा. नायब तहसीलदार ने बताया कि किसानों ने भुगतान के साथ-साथ बैंक में पानी और बैठने जैसी सुविधाओं के अभाव की भी शिकायत की. समझाइश के बाद स्थिति सामान्य हो गई. धरने के दौरान एक किसान ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि दुर्घटना के बाद इलाज के लिए पैसों की जरूरत है, लेकिन भुगतान न मिलने से परेशानी बढ़ गई है. प्रशासन के हस्तक्षेप से फिलहाल स्थिति सामान्य हो गई है, लेकिन बैंकिंग व्यवस्था और किसानों की समस्याओं को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं.



## कर्मचारियों का धरना, ताला लगाकर जताया विरोध

**कुरवाई नगर परिषद में वेतन संकट**

**6-7 माह से वेतन न मिलने पर कर्मचारियों में आक्रोश, कामकाज ठप**

**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई 13 अप्रैल, नगर परिषद के स्थायी एवं अस्थायी कर्मचारी पिछले 6-7 माह से बकाया वेतन की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए हैं. कर्मचारियों ने विरोध स्वरूप कार्यालय के मुख्य द्वार पर ताला लगा दिया था. जिसे बाद में अधिकारियों की समझाइश के बाद खोल दिया गया. इसके बावजूद कर्मचारी अपने आंदोलन पर डटे हुए हैं और क्लब ग्राउंड में धरना जारी रखे हुए हैं.**

धरने के चलते नगर परिषद का कामकाज पूरी तरह प्रभावित हो गया है. जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, नामांतरण सहित अन्य जरूरी कार्यों के लिए आए नागरिकों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है.इसी बीच 15 अप्रैल को प्रस्तावित बजट बैठक पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं. क्योंकि कर्मचारियों की अनुपस्थिति में फाइलों का संचालन रुक गया है.मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश कंकर ने बताया कि वे आवश्यक बैठक के लिए विदिशा गए थे. उन्होंने कहा कि वेतन भुगतान की समस्या लंबे समय से चली आ रही है और इसे तुरंत हल करना संभव नहीं है. उपलब्ध संसाधनों से आंशिक भुगतान किया गया है. जबकि शेष राशि के लिए भोपाल स्थित नगर प्रशासन संचालनालय से अतिरिक्त बजट की मांग की जा रही है.कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द वेतन भुगतान नहीं हुआ. तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा. जिससे नगर परिषद की व्यवस्थाएं पूरी तरह प्रभावित हो सकती हैं.

## सुरेंद्र सहेले का निधन

**नवभारत न्यूज**

**पठारी.** पत्रकार अरुण सहेले के बड़े भाई एवं सोहित कुमार, सौरभ कुमार, सत्यम सहेले के पिताजी सुरेंद्र कुमार सहेले उम्र 60 वर्ष का लंबी बीमारी के बाद रविवार रात निधन हो गया. उनकी शव यात्रा सोमवार सुबह 9:30 बजे गृह निवास से निकाली गई, जो मुक्तिधाम पहुंची.शव यात्रा में नगर के सैकड़ों लोग शामिल हुए और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. उनके निधन पर विधायक हरिसिंह सप्रे, भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह ठाकुर, पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रेमनारायण तिवारी, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कप्तान सिंह यादव, भाजपा जिला महामंत्री अनिल सोनकर, मंडल अध्यक्ष बलबीर सिंह ठाकुर, विधानसभा प्रभारी विनोद जैन, औषधि विक्रेता संघ के अध्यक्ष नरेंद्र दिवाकर, जैन समाज के अध्यक्ष राकेश सिंघई, हरिनेश यादव, सरपंच अखिलेश पंथी सहित अनेक लोगों ने शोक व्यक्त किया.

## खेत में काम करते समय 30 वर्षीय युवक को सर्प ने डसा

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा.** करारिया थाना क्षेत्र के ग्राम मढ़ैया में सोमवार सुबह खेत में काम कर रहे 30 वर्षीय देवेन्द्र आदिवासी को सर्प ने डस लिया. घटना के बाद उसने तुरंत खेत मालिक और परिजनों को इसकी जानकारी दी. ग्रामीणों की मदद से उसे तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार दिया गया.चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया. बताया गया कि देवेन्द्र मूल रूप से झाबुआ का रहने वाला है और अपने परिवार के साथ खेत में काम कर रहा था. फिलहाल उसकी हालत नाजुक बनी हुई है और इलाज जारी है.

## तहसीलदार ने गांवों में लगी आग को अपनी टीम के साथ बुझवाया

**नवभारत न्यूज**

**ग्यारसपुर.** तहसील क्षेत्र में गेहूं की नरवाई जलाने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जबकि प्रशासन द्वारा किसानों को बार-बार समझाइश दी जा रही है. तहसीलदार सौरव मालवीय ने स्वयं मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया और कई गांवों में लगी आग को अपनी टीम के साथ बुझवाया.कवटो, बंजरिया, लखोली, मनुपुरा सियासी सहित अन्य गांवों में आग की घटनाएं सामने आईं, जहां प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई कर नुकसान को नियंत्रित किया. तहसीलदार ने बताया कि नरवाई जलाने से पर्यावरण के साथ-साथ फसलों और ग्रामीण संपत्ति को भारी नुकसान होता है.उन्होंने गांव-गांव चौपाल लगाकर किसानों को जागरूक करने के निर्देश दिए हैं. इसके बावजूद कुछ किसान नियमों की अनदेखी कर रहे हैं. प्रशासन ने चेतावनी दी है कि नरवाई जलाते पाए जाने पर 2500 का जुर्माना लगाया जाएगा.

## वार्ड 1 में सीसी रोड की गुणवत्ता पर सवाल, उखड़ने लगी गिट्टी

**तकनीकी निगरानी के अभाव में निर्माण कार्य, नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल**



**नवभारत न्यूज**

**सांची. नगर में चल रहे सीसी रोड और भवन निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं. वार्ड क्रमांक 1 में हाल ही में बनी सीसी रोड की गिट्टी कुछ ही दिनों में उखड़ने लगी है, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी है.**

जानकारी के अनुसार नगर में इन दिनों विभिन्न निर्माण कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं, लेकिन इन कार्यों की तकनीकी निगरानी का अभाव बना हुआ है. उपयंत्री की अनुपस्थिति में कराए जा रहे निर्माण कार्यों के कारण गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है.ताजा मामला वार्ड क्रमांक 1 में शनि पटेल के घर के सामने बनी सीसी रोड का है. सड़क निर्माण के कुछ ही दिनों बाद इसकी गिट्टी उखड़ने लगी, जिससे वार्डवासियों में रोष व्याप्त है. लोगों का कहना है कि वर्षों बाद सड़क बनी, लेकिन जल्दबाजी और लापरवाही के कारण उसकी गुणवत्ता खराब हो गई.बताया जाता है कि नगर परिषद में लंबे समय से उपयंत्री का अभाव है. कुछ समय के लिए अस्थायी व्यवस्था की गई थी, लेकिन वह भी समाप्त हो गई. ऐसे में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, माप और भुगतान प्रक्रिया पर सवाल उठ रहे हैं.इस मामले ने नगर में चल रहे अन्य निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर भी संदेह खड़ा कर दिया है.नगर परिषद सांची के अध्यक्ष पप्पू रेवाराम ने कहा कि उपयंत्री की कमी बनी हुई है. संबंधित सीसी रोड निर्माण की जांच कराई जाएगी. यदि गुणवत्ता में कमी पाई जाती है तो भुगतान रोका जाएगा और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.जब निगरानी कमजोर हो, तो विकास कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठना स्वाभाविक है.

## तालाबों से अतिक्रमण हटाकर जल संरक्षण की ऐतिहासिक पहल

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा.** कलेक्टर के मार्गदर्शन में एसडीएम मनीष जैन के निर्देश पर जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के तहत बड़ा अभियान चलाया गया. जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विभिन्न गांवों के तालाबों से अवैध अतिक्रमण हटाया गया. अब तक गिरवासा, कर्मोदिया, घोसुआ, बरवाई और बर्री सहित कुल 5 तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है.इन तालाबों पर लंबे समय से अवैध खेती की जा रही थी. एसडीएम ने बताया कि तालाबों का संरक्षण भू-जल स्तर और पर्यावरण संतुलन के लिए जरूरी है. प्रशासन ने आगे भी ऐसे अतिक्रमणों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है और मुक्त तालाबों के गहरीकरण व सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू किया गया है.

## समर्थन मूल्य खरीदी में गड़बड़ी के आरोप, किसानों ने सौंपा ज्ञापन

**एफएक्यू के नाम पर फसल रिजेक्ट होने से नाराजगी, उचित मूल्य दिलाने की मांग**



**नवभारत न्यूज**

**त्योंदा. समर्थन मूल्य पर मसूर और चना खरीदी में कथित अनियमितताओं और एफएक्यू मानकों के नाम पर फसल रिजेक्ट किए जाने से नाराज किसानों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा. किसानों ने आरोप लगाया कि खरीदी प्रक्रिया में खामियों के कारण उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है.**

किसान धर्मेंद्र पटेल ने बताया कि नए-नए मापदंडों के कारण किसानों की व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं. कई किसान अपनी फसल बेचने के लिए दिनों से चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उनकी उपज खरीदी नहीं जा रही. इससे शादी-ब्याह, बैंक भुगतान और अन्य जरूरी कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं.किसानों का कहना है कि समर्थन मूल्य पर खरीदी नहीं होने के कारण उन्हें मजबूरी में फसल कम दाम पर बेचनी पड़ रही है, जिससे आर्थिक संकट गहरा रहा है. उन्होंने यह भी बताया कि लगातार परेशानी के कारण कई किसान मानसिक तनाव का सामना कर रहे हैं.ज्ञापन में किसानों ने मांग की है कि खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता लाई जाए, एफएक्यू मानकों के नाम पर हो रही अनियमितताओं को दूर किया जाए और सभी किसानों की फसल उचित मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित की जाए.किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन तेज किया जाएगा.

## जनजागरुकता के साथ सफाई मित्रों का सम्मान, नागरिकों को स्वच्छता का संदेश

**स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के तहत सफाई वाहनों की रैली निकाली गई**

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासोदा. स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा सफाई वाहनों की रैली का आयोजन किया गया. कार्यक्रम नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अनिल शशि यादव एवं सीएमओ रवि प्रकाश श्रीवास्तव के निर्देशन में आयोजित हुआ.**

रैली को वरिष्ठ पत्रकार सौदान सिंह यादव, नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास एवं सभापति प्रतिनिधि संजय भावसार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. रैली नगर के विभिन्न मार्गों से होकर निकली और नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया.इस दौरान लोगों को सूखा और गीला कचरा अलग रखने, कचरा इधर-उधर न फैलाने और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया. कार्यक्रम के दौरान नगर के सफाई मित्रों का सम्मान भी किया गया.कार्यक्रम में स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना, अभिषेक श्रीवास्तव सहित नगर पालिका के कर्मचारी, मेट और दरोगा उपस्थित रहे. साथ ही आवरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी एवं फीडबैक फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट की टीम ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई.कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करना रहा.

## अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कांग्रेस का ज्ञापन

**15 दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन की चेतावनी**

**नवभारत न्यूज**

**त्योंदा. कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष भूपेन दांगी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग की.**

ज्ञापन में बताया गया कि आसपास के गांवों में अवैध रूप से शराब बेची जा रही है, जिससे कई परिवार प्रभावित हो रहे हैं. साथ ही त्योंदा शराब दुकान के आसपास बैठकर शराब पीने वालों को हटाने की भी मांग की गई.प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि अवैध शराबखोरी के कारण आए दिन विवाद और झगड़े हो रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.भूपेन दांगी ने चेतावनी दी कि यदि 15 दिन के भीतर अवैध शराब पर रोक नहीं लगाई गई, तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी.इस दौरान रसूलपुर के प्रवीण मालवीय सहित 30 से 40 ग्रामीण मौजूद रहे और सभी ने अवैध शराब के खिलाफ आवाज उठाई.थाना प्रभारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि मामले में जल्द कार्रवाई की जाएगी और समस्या का समाधान किया जाएगा.

## उपार्जन केंद्र रुसल्ली में सीसीबी सीईओ का निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा.** लटेरी जनपद के उपार्जन केंद्र रुसल्ली में सीसीबी के सीईओ ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने उपार्जन प्रक्रिया, किसानों को मिल रही सुविधाओं और केंद्र की व्यवस्थाओं की गुणवत्ता की समीक्षा की.निरीक्षण के दौरान वीना-4 ने केंद्र पर मौजूद स्व-सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा की और उनके कार्यों व सहभागिता की जानकारी ली. उन्होंने समूहों को बेहतर समन्वय और पारदर्शिता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए.उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो. तौल, भुगतान और अन्य प्रक्रियाएं समयबद्ध एवं सुचारु रूप से संचालित हों, इस पर विशेष ध्यान देने को कहा.इस दौरान संबंधित अधिकारी, कर्मचारी और स्व-सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं.



## गौ सम्मान के लिए 27 अप्रैल को निकलेगा पैदल मार्च

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा. स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर में गौ सम्मान आह्वान अभियान को लेकर आयोजित बैठक में देशव्यापी अभियान को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई. बैठक में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में गौ भक्त शामिल हुए.**

निर्णय लिया गया कि 27 अप्रैल 2026 को सुबह 10 बजे नौलखी मंदिर से शांतिपूर्ण पैदल मार्च निकाला जाएगा, जो तहसील कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम को सौंपेगा. इस दौरान भक्तजन कीर्तन करते हुए मार्च में शामिल होंगे.बैठक में 26 अप्रैल तक नगर के सभी वार्डों, जय स्तंभ चौक और रेलवे स्टेशन पर व्यापक हस्ताक्षर अभियान चलाने का निर्णय भी लिया गया. अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर सेल्फी प्वाइंट बनाए जाएंगे और पूरे नगर से करीब 15 हजार हस्ताक्षर जुटाने का लक्ष्य रखा गया है.निस्वार्थ गौ सेवा समिति के संचालक लालू महाराज ने बताया कि यह अभियान देशभर में संतों के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है. देश के 28 राज्यों के 780 जिलों और लगभग 5 हजार तहसीलों में एक साथ ज्ञापन सौंपे जाएंगे.महंत राम मनोहर दास जी महाराज ने कहा कि गौ संरक्षण भारतीय संस्कृति का आधार है और इसके लिए समाज को एकजुट होकर आवाज उठानी होगी. वहीं वेदांत आश्रम के महंत हरिहर दास जी महाराज ने अधिक से अधिक लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से जुड़ने की अपील की.उन्होंने बताया कि इस अभियान के माध्यम से गौ संरक्षण के लिए सख्त कानून बनाने की मांग की जाएगी.

**आयोजन** | **शमशाबाद में 30 वर्षों बाद नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन, मां इलेवन बनी विजेता**

## दूधिया रोशनी में खेले गए रोमांचक मुकाबले, अंतिम गेंद पर छक्के से जीता फाइनल

**नवभारत न्यूज**

**शमशाबाद. यूथ क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक विधानसभा स्तरीय नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया. करीब 30 वर्षों बाद नगर में नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित होने से पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना रहा. शाम 7 बजे से रात 2 बजे तक दूधिया रोशनी में दर्शकों ने मैचों का भरपूर आनंद लिया.**



आईपीएल की तर्ज पर आयोजित इस प्रतियोगिता में 130 खिलाड़ियों को शामिल कर 10 टीमों का गठन किया गया. टूर्नामेंट के सभी मुकाबले रोमांच से भरपूर रहे, जिन्हें देखने के लिए नगर सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी पहुंचे.सेमीफाइनल मुकाबलों में महाकाल इलेवन बाढ़ेर ने रॉयल चैलेंजर को 8 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई. वहीं मां इलेवन ने मैक्सिटो को 63 रनों से हराकर फाइनल का टिकट हासिल किया.फाइनल मुकाबला मां इलेवन और महाकाल इलेवन बाढ़ेर के बीच खेला गया, जो बेहद रोमांचक रहा. महाकाल इलेवन बाढ़ेर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 119 रन बनाए.जवाब में मां इलेवन ने आखिरी गेंद तक संघर्ष किया. मैच के अंतिम क्षणों में शिवायू शर्मा ने छक्का जड़कर टीम को 6 रन से जीत दिला दी, जिससे मैदान में जश्न का माहौल बन गया.विजेता मां इलेवन को ?51,000 का प्रथम पुरस्कार गुरुकुलम स्कूल के संचालक धनेश पाठक द्वारा प्रदान किया गया. वहीं उपविजेता महाकाल इलेवन बाढ़ेर को ?25,000 की राशि संजय चौकसे द्वारा दी गई.

समाजसेवी मोहर सिंह राजपूत द्वारा संजीव मीणा डीग्गी को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द सीरीज के रूप में फ्रिज देकर सम्मानित किया गया.आयोजक मंडल के अजय चौकसे, कपिल यादव, कपिल आर्य, आदित्य यादव, घनश्याम मोदी, करण राजपूत, सुमित राजपूत, जितेन्द्र राजपूत और आकाश वाल्मीकि ने सभी खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया.

## कुरवाई-पठारी में गेहूं खरीदी शुरू, 17 केंद्रों पर उपार्जन कार्य प्रारंभ

**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई**,रबी सीजन के तहत किसानों की सुविधा के लिए क्षेत्र में गेहूं उपार्जन का कार्य प्रारंभ हो गया है. विकासखंड के कुल 17 केंद्रों पर शासन के निर्देशानुसार खरीदी प्रक्रिया शुरू की गई है, जिनमें कुरवाई तहसील के 12 और पठारी तहसील के 5 केंद्र शामिल हैं.



क्षेत्र के हिनौता स्थित सविता वेयरहाउस में 'बी पेक्स राजपुर हिनौता' द्वारा खरीदी केंद्र का शुभारंभ किया गया. इस अवसर पर जनपद सदस्य प्रतिनिधि दीपचंद सप्रे, संस्था प्रशासक नितिन राव और प्रबंधक राजेंद्र कटारे ने प्रथम किसान का स्वागत कर तुलाई कार्य प्रारंभ कराया.वहीं भौंरासा के गज सिंह वाहिनी वेयरहाउस में नावकुंड सोसायटी के माध्यम से केंद्र का शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम में वेयरहाउस कॉरपोरेशन कुरवाई की शाखा प्रबंधक सौम्या राय और मार्केटिंग सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष हरि सिंह चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे. इस दौरान सरपंच सोनू चौहान, विजय जाट, बलराम सिंह, भूपेंद्र सिंह, सरदार सिंह लोधी और भानु दांगी सहित अन्य जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे.

नागरिक आपूर्ति अधिकारी वैशाली दांगी ने बताया कि सभी केंद्रों पर किसानों के लिए छाया, पेयजल और बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है. किसानों से अपील की गई है कि वे अपनी फसल को अच्छी तरह साफ और सुखाकर ही केंद्रों पर लाएं, ताकि खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुगमता बनी रहे.